**प्रेस नोट** **दिनांक 14.08.2026**

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित, विभिन्न कार्यालयों एवं गार्दो के रजिस्टर का निरीक्षण कर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश-**

दिनांक 14.08.2026 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखा कार्यालयों एवं गार्दो के रजिस्टर का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों एवं गार्दो में संधारित विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई

महोदय द्वारा कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, स्वच्छता एवं अनुशासन का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी रजिस्टरों को नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए तथा प्रत्येक अभिलेख का सही एवं समयबद्ध संधारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नियमित निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना तथा पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को उच्च स्तर पर बनाए रखना है।

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा पुलिस कार्यालय, मऊ में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित व मौन धारण कर अमर शहीदों को किया गया नमन-**

दिनांक 14 अगस्त 2026 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस कार्यालय, मऊ में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान हुई भीषण मानवीय त्रासदी, जनहानि एवं विस्थापन की पीड़ा को स्मरण करते हुए विभाजन के दौरान अपने प्राण गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि एवं शोक-संवेदना व्यक्त की गई।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, मऊ सहित उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभाजन की विभीषिका में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि

अर्पित की गई तथा उनके परिजनों एवं उस दौर की पीड़ा झेलने वाले विस्थापित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मऊ द्वारा कहा गया कि विभाजन की विभीषिका देश के इतिहास का एक अत्यंत पीड़ादायक अध्याय है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य उस दौर में अपने प्राण गंवाने वाले लोगों तथा विस्थापन की पीड़ा झेलने वाले परिवारों के संघर्ष, त्याग एवं पीड़ा को स्मरण करना तथा वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को इतिहास के इस मानवीय पक्ष से अवगत कराना है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता, आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। विभाजन की त्रासदी से सीख लेते हुए समाज में आपसी सद्भाव एवं भाईचारे की भावना को और मजबूत किया जाना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने तथा सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार व क्षेत्राधिकारी लाइन  पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा ए0एच0टी0 थाना एवं डॉग स्क्वाड का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पुलिस अधीक्षक, मऊ द्वारा ए0एच0टी0 थाना एवं डॉग स्क्वाड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर एवं कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान ए0एच0टी0 थाना के अभिलेखों, लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन कर प्रकरणों का नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई, निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां

पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा संबंधित अधिकारी को उक्त कमियों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉग स्क्वाड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डॉग स्क्वाड में तैनात प्रशिक्षित श्वानों की देखभाल, प्रशिक्षण, खान-पान एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉग हैंडलरों को प्रशिक्षित श्वानों की नियमित देखभाल एवं प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने तथा उनकी कार्यक्षमता को बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई ।

***थानावार कार्यवाही का विवरण*** –

1. थाना घोसी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त हीरा पुत्र रामकिशुन निवासी ग्राम धरौली थाना घोसी जनपद मऊ ।

उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में दिनांक 14.08.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया

इस अभियान के अंतर्गत 32 टीम गठित कर जनपद के 36 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1320 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 357 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 03 वाहनों की सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

**थाना कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम द्वारा पीडितों का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि-35,061-/ (पैतीस हजार इकसठ रूपये) पीडितों को वापस कराया गया**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम द्वारा यूपीआई के माध्यम से खाते से फ्राड की गयी धनराशि दिनांक-14.08.2026 को पीड़ित क्रमशः 1. आवेदक अमन सिंह पटेल निवासी कोतवाली थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को कुल धनराशि- 14,698/- रूपया व 2. आवेदिका सावित्री देवी निवासिनी कोतवाली थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को कुल धनराशि- 20363/-रूपया साइबर पुलिस टीम थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने व श्रावण मास/ 15 अगस्त के दृष्टिगत आज दिनांक 14.08.2026 को सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के कुशल निर्देशन में अपर

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह, थाना कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र में रुट मार्च/ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान भ्रमण कर रोड के किनारे अतिक्रमण आदि बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रुट मार्च/ पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मऊ पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान-

जनपद मऊ पुलिस द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रों में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, बस स्टैंड, बाजार एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, वाहनों एवं सामान की जांच तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही होटल/ढाबा संचालकों को आवश्यक सुरक्षा निर्देश दिए जा रहे हैं।

जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्रता दिवस को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु मऊ पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।